भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 198

19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों की उत्पादन क्षमता

198. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात उत्पादन और खनन में लगी इकाइयों के ब्यौरे सहित वर्तमान में देश की इस्पात उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ख) उन स्थानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहाँ सरकारी, अर्द्ध-सरकारी और गैर-सरकारी इकाइयाँ स्टील का उत्पादन कर रही हैं;

(ग) क्या इन संयंत्रों/इकाइयों का इस्पात उत्पादन पर्याप्त है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इन संयंत्रों/इकाइयों के इस्पात उत्पादन में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): वर्तमान में देश की कुल इस्पात उत्पादन क्षमता 143.91 मिलियन टन है। सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों में इस्पात उत्पादन में संलग्न इकाइयों का विवरण **अनुलग्नक** पर संलग्न है। भारतीय खान ब्यूरो द्वारा प्रकाशित भारतीय खनिज वार्षिकी, 2019 के अनुसार, वर्ष 2018-19 में कुल 254 खानें प्रचालन में थीं जिनमें से 35 खानें सार्वजनिक क्षेत्र में थीं तथा 219 निजी क्षेत्र में थीं।

(ग) और (घ): पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के लिए तैयार इस्पात के उत्पादन, खपत, निर्यात और आयात का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**कुल तैयार इस्पात (मिलियन टन)**			
	उत्पादन	**खपत**	**निर्यात**	**आयात**
2019-20	102.62	100.17	8.36	6.77
2020-21	96.20	94.89	10.78	4.75
अप्रैल-जून, 2021*	26.35	24.85	3.56	1.16
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम				

*****

अनुलग्नक

इस्पात उत्पादन क्षमता एवं इकाइयों की राज्यवार संख्या का विवरण (2020-21)

क. सार्वजनिक क्षेत्र			
		('000 टन)	('000 टन)
राज्य	**इकाई**	**क्षमता**	**उत्पादन**
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)			
छत्तीसगढ	भिलाई इस्पात संयंत्र	6000	4244
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	2200	2085
ओडिशा	राउरकेला इस्पात संयंत्र	3800	3498
झारखंड	बोकारो इस्पात संयंत्र	4600	3380
पश्चिम बंगाल	इस्को इस्पात संयंत्र	2500	1847
पश्चिम बंगाल	मिश्र धातु इस्पात संयंत्र	234	58
तमिलनाडु	सेलम इस्पात संयंत्र	180	100
कर्नाटक	विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील लिमिटेड	118	0
	कुल	19632	15213
राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल)			
आंध्र प्रदेश	विजाग इस्पात संयंत्र	6300	4302
कुल: सार्वजनिक क्षेत्र		25932	19515

ख. निजी क्षेत्र			
		('000 टन)	('000 टन)
राज्य	**इकाइयां**	**क्षमता**	**उत्पादन**
आंध्र प्रदेश	24	2314	1596
अरुणाचल प्रदेश	3	125	0
असम	6	131	59
बिहार	13	830	465
छत्तीसगढ	80	13191	8939
गोवा	10	405	400
गुजरात	71	13688	8403

हरियाणा	14	1037	731
हिमाचल प्रदेश	25	1144	766
जम्मू और कश्मीर	8	189	118
झारखंड	30	14888	12169
कर्नाटक	24	15143	11688
केरल	29	480	253
मध्य प्रदेश	9	457	369
महाराष्ट्र	54	12030	7925
मेघालय	5	181	37
ओडिशा	52	21530	17934
पंजाब	114	5064	2917
राजस्थान	31	1005	589
तमिलनाडु	90	3542	2059
तेलंगाना	27	1605	1192
त्रिपुरा	1	30	7
उत्तर प्रदेश	46	1617	1005
उत्तराखंड	39	1524	950
पश्चिम बंगाल	39	5238	3085
दादरा और नगर हवेली	10	168	145
दमन और दीव	3	46	40
दिल्ली	2	16	10
कुल : निजी क्षेत्र	**869**	**117982**	**84030**
कुल : सार्वजनिक क्षेत्र	**9**	**25932**	**19515**
सभी क्षेत्रों का कुल	**878**	**143914**	**103545**
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)			

*****